# रक्षाबंधन पर्व पर दिखा भाई-बहन का अटूट प्रेम, पंजाब सहित देशभर में धूमधाम से मनाया गया

















## जूतों की दुकान की आड़ में आईएसआई के लिए जासूसी का आरोप, दुकानदार गिरफ्तार

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

शहर में पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए कथित तौर पर जासूसी करने के आरोप में पुलिस ने 22 वर्षीय दुकानदार को गिरफ्तार किया है। आरोपित बाजार में जूतों की दुकान चलाता था। पुलिस के अनुसार, दुकान की आड़ में वह लुधियाना की गतिविधियों से जुड़ी सूचनाएं पाकिस्तान में बैठे लोगों तक पहुंचा रहा था। जांच में दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड तक पाकिस्तान में बैठे लोगों की पहुंच होने की बात भी सामने आई है।

पुलिस को आशंका है कि आरोपित के माध्यम से शहर की संवेदनशील गतिविधियों और सैन्य गतिविधियों से जुड़ी जानकारियां भी पाकिस्तानी नेटवर्क तक पहुंचाई जा रही थीं। हालांकि, पुलिस अभी इस पूरे नेटवर्क की कड़ियां जोड़ने में जुटी है और यह पता लगाया जा रहा है कि आरोपित किन लोगों के संपर्क में था तथा उसे किस तरह की सूचनाएं भेजने के निर्देश मिलते थे।

**गुरदासपुर का रहने वाला है आरोपी:** आरोपी की पहचान गुरदासपुर जिले के गांव सर्फ कोट निवासी रछपाल सिंह के रूप में हुई है। उसने लुधियाना के फिरोजपुर रोड स्थित न्यू सुंदर नगर में मेडवेज अस्पताल के सामने प्लाट नंबर-1 पर किराये पर दुकान ले रखी थी। इसी दुकान पर वह जूतों की बिक्री करता था। पुलिस का आरोप है कि दुकान का इस्तेमाल वह जासूसी गतिविधियों के लिए भी कर रहा था।

**सीसीटीवी कैमरों की लाइव फीड तक पहुंच:** पुलिस जांच में सामने आया है कि रछपाल सिंह ने दुकान के बाहर सीसीटीवी कैमरे लगवाए हुए थे। इन कैमरों की लाइव फीड और निगरानी तक पाकिस्तान में बैठे लोगों की पहुंच होने की बात कही जा रही है। जांच एजेंसियां अब यह पता लगाने में जुटी हैं कि कैमरों से किन क्षेत्रों की गतिविधियां देखी जा रही थीं और पाकिस्तान में किन लोगों को इन कैमरों की लाइव फीड उपलब्ध कराई गई थी।

**अलग-अलग नंबरों से धमकियां देने का भी आरोप:** जांच के दौरान पुलिस को आरोपित द्वारा अलग-अलग मोबाइल नंबरों का इस्तेमाल किए जाने की जानकारी मिली है। इन नंबरों से कथित तौर पर धमकियां भी दी जाती थीं। पुलिस अब इन मोबाइल नंबरों, काल डिटेल और आरोपित के संपर्कों की जांच कर रही है, ताकि यह पता लगाया जा सके कि धमकियों और कथित जासूसी गतिविधियों के बीच कोई संबंध है या नहीं।

**गुप्त सूचना के आधार पर गिरफ्तारी:** पुलिस के अनुसार, थाना सराभा नगर के सब इंस्पेक्टर अर्शदीप सिंह को गश्त के दौरान रछपाल सिंह के बारे में गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के खिलाफ 27 अगस्त को मामला दर्ज किया गया है।

**बड़ी वारदात की साजिश की आशंका:** पुलिस को संदेह है कि पाकिस्तानी एजेंसियों से जुड़े इस नेटवर्क का मकसद लुधियाना में किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने के लिए स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाना हो सकता है। सैन्य गतिविधियों और शहर की अन्य संवेदनशील गतिविधियों से संबंधित सूचनाएं भी नेटवर्क तक पहुंचाए जाने की आशंका है। फिलहाल पुलिस इन सभी पहलुओं की गहनता से जांच कर रही है।

**मोबाइल और सीसीटीवी नेटवर्क की जांच:** जांच एजेंसियों का मुख्य फोकस आरोपित के मोबाइल फोन, इस्तेमाल किए गए सिम कार्ड और सीसीटीवी कैमरों के तकनीकी नेटवर्क पर है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि कैमरों की लाइव फीड पाकिस्तान में किन लोगों तक पहुंच रही थी, रछपाल सिंह किन-किन लोगों के संपर्क में था और उसे सूचनाएं भेजने के लिए कौन निर्देश देता था। साथ ही, धमकी देने के लिए इस्तेमाल किए गए मोबाइल नंबरों का भी सत्यापन किया जा रहा है। पुलिस यह भी जांच कर रही है कि कथित तौर पर जुटाई गई सूचनाओं का इस्तेमाल किसी बड़ी वारदात की तैयारी में किया जाना था या नहीं।

## सी-पाइट कैंप में भर्ती के लिए पहली सितंबर से ट्रायल शुरू

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

सी-पाइट कैंप लुधियाना की ओर से जिला लुधियाना और मालेरकोटला के युवाओं को केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों में भर्ती के लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा। सी-पाइट कैंप के ट्रेनिंग अधिकारी इंद्रजीत कुमार ने बताया कि सीएपीएफ (जीडी), सीआईएसएफ, सीआरपीएफ, आईटीबीपी, एसएसबी और एसएसएफ में भर्ती की तैयारी के लिए इच्छुक युवाओं के ट्रायल 1 सितंबर से शुरू होंगे।

उन्होंने बताया कि इच्छुक उम्मीदवार सी-पाइट कैंप, आईटीआई गिल रोड, लुधियाना में ट्रायल के लिए पहुंच सकते हैं। इन विभिन्न सुरक्षा बलों में भर्ती के लिए सितंबर और अक्टूबर महीने के दौरान पंजीकरण की प्रक्रिया भी जारी रहेगी।

## ताजपुर जेल की सलाखों के बीच बंधा राखी का पवित्र धागा भाइयों की कलाई पर बहनों ने बांधा प्यार, नम हुईं आंखें

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़




रक्षाबंधन का त्योहार भाई-बहन के उस पवित्र रिश्ते का प्रतीक है, जिसमें दूरियां चाहे कितनी भी हों, लेकिन प्यार और अपनापन कभी कम नहीं होता। रक्षाबंधन के अवसर पर लुधियाना की ताजपुर जेल में भी इस रिश्ते की भावुक तस्वीर देखने को मिली। अपने भाइयों से मिलने और उनकी कलाई पर राखी बांधने के लिए कई बहनें दूर-दराज के इलाकों से जेल पहुंचीं।

किसी बहन के हाथ में राखी थी तो किसी के हाथ में भाई के लिए मिठाई और घर से जुड़ी छोटी-छोटी चीजें। सुबह से ही ताजपुर जेल के बाहर बहनों की आवाजाही शुरू हो गई। लंबे इंतजार के बाद जब उन्हें अपने भाइयों से मिलने का अवसर मिला तो कई बहनों की आंखें नम हो गईं। उन्होंने भाइयों की कलाई पर राखी बांधी और उनकी लंबी उम्र, अच्छे स्वास्थ्य और सुखी जीवन की कामना की। ताजपुर जेल में हुई यह मुलाकात सामान्य मुलाकातों से अलग और भावनाओं से भरी रही। कुछ पलों के इस मिलन में भाई-बहनों के बीच वर्षों का प्यार, चिंता और अपनापन दिखाई दिया।

बहनों ने भाइयों को राखी बांधते हुए उन्हें परिवार की याद दिलाई और बेहतर जीवन जीने की उम्मीद जताई। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों को हर परिस्थिति में साथ देने का भरोसा दिलाया। कई बहनों के लिए यह दिन खुशी के साथ-साथ दर्द भी लेकर आया। भाई सामने था, लेकिन दोनों के बीच जेल की चारदीवारी और परिस्थितियों की दूरी थी।

राखी बांधते समय कई बहनों की आंखों में यही चिंता नजर आई कि अगली बार उन्हें भाई की कलाई पर राखी बांधने का मौका कब मिलेगा। इस भावुक पल में कुछ बहनों की आंखों से आंसू भी छलक पड़े।

ताजपुर जेल में रक्षाबंधन के इस अवसर ने यह एहसास कराया कि परिस्थितियां भले ही इंसान को अपनों से दूर कर दें, लेकिन रिश्तों की डोर को कमजोर नहीं कर सकतीं। भाई की कलाई पर बंधा राखी का छोटा-सा धागा बहन के प्यार, विश्वास और उसकी दुआओं का प्रतीक बन गया।

## पत्नी को काले जादू से ठीक कराने का झांसा दे 4.22 लाख ठगे

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

हैबोवाल थाना पुलिस ने पत्नी का रूहानी इलाज करवाकर उसे ठीक करने का झांसा देकर करीब 4.22 लाख रुपये की ठगी करने के आरोप में मलेरकोटला निवासी व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

शिकायतकर्ता जसप्रीत सिंह ने शिकायत दी थी। शिकायत की जांच के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया। शिकायत में जसप्रीत सिंह ने आरोप लगाया कि मलेरकोटला के मोहल्ला डूमागली, अंदर सुनामी गेट निवासी मुहम्मद साबर पुत्र अब्दुल रसीद ने ठगी करने की नीयत से उसे एक सोची-समझी साजिश के तहत अपने झांसे में लिया।

आरोपित ने शिकायतकर्ता की पत्नी का रूहानी इलाज करवाकर उसे ठीक करने तथा काले इल्म का इलाज करने का भरोसा दिया। इसके एवज में आरोपित ने शिकायतकर्ता से करीब 4 लाख 22 हजार रुपये ले लिए। शिकायत की पड़ताल के बाद पुलिस ने आरोपित मुहम्मद साबर के खिलाफ धारा 318(4) और 316(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस अब मामले की आगे की जांच कर रही है और यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि आरोपित ने शिकायतकर्ता से किस तरीके से रकम हासिल की तथा इस मामले में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल है या नहीं।

## जगराओं के नानकसर में नायब सिंह सैनी ने टेका माथा, साफ किए बर्तन

समर न्यूज़ | लुधियाना



जगराओं के नानकसर में धन-धन बाबा नंद सिंह जी कलेरां वाले की 83वीं बरसी के मौके पर आयोजित धार्मिक समागम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी शुक्रवार देर शाम पहुंचे। रक्षाबंधन के अवसर पर मुख्यमंत्री ने भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के साथ गुरुद्वारा नानकसर में माथा टेका और संतों का आशीर्वाद लिया।

मुख्यमंत्री अपने निर्धारित समय से करीब तीन घंटे की देरी से नानकसर पहुंचे और वहां सवा घंटे से अधिक समय तक रुके। उन्होंने संत बाबा लक्खा सिंह जी और बाबा घाला सिंह जी से मुलाकात कर आशीर्वाद प्राप्त किया। गुरु दरबार में माथा टेकने के बाद मुख्यमंत्री ने संगत की सेवा भी की और श्रद्धालुओं के लंगर के बर्तन साफ किए।

**धार्मिक स्थल पर राजनीति नहीं होगी :** नायब सिंह सैनी ने कहा कि वह नानकसर में केवल धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने और संतों का आशीर्वाद लेने के लिए आए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह भक्ति और सेवा का स्थान है, इसलिए यहां किसी भी राजनीतिक विषय पर चर्चा नहीं होगी। उन्होंने बाबा नंद सिंह जी कलेरां वाले की महान भक्ति का जिक्र करते हुए कहा कि बाबा जी ने अपनी भक्ति और बाणी के माध्यम से देश-विदेश में लाखों लोगों को गुरुओं से जोड़ा। उनकी तपस्या और आशीर्वाद के कारण आज भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु नानकसर पहुंचकर नतमस्तक होते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नानकसर में हाजिरी लगाने और संतों का आशीर्वाद प्राप्त करने से मन को शांति मिलती है।

## मुंडियां चौक बस स्टॉप के पास कार ने बाइक को मारी टक्कर, युवक की मौत

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

मुंडियां चौक स्थित बस स्टाप के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार तीन युवकों को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसके साथ बाइक पर सवार दो अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए।

हादसे के बाद आरोपित कार चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, बाइक सवार तीनों युवक मुंडियां चौक के बस स्टाप के पास से गुजर रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक सवार तीनों युवक सड़क पर जा गिरे।

इसी दौरान सड़क पर गिरे एक युवक के पैरों के ऊपर से वहां से गुजर रही बस निकल गई। इससे उसकी हालत और गंभीर हो गई। हादसे के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और गंभीर रूप से घायल युवकों को इलाज के लिए सिविल अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने एक युवक की जांच करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पहचान अभी नहीं हो सकी है। पुलिस ने शव को पहचान और पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में रखवा दिया है।

हादसे में घायल दो युवकों की पहचान पवनदीप और आकाश के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार पवनदीप एसी रिपेयरिंग का काम करता है, जबकि आकाश सिलाई-कढ़ाई का काम करता है। दोनों का अस्पताल में उपचार चल रहा है और उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है।

फुटेज के आधार पर फरार कार चालक और उसके वाहन की पहचान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपित चालक की पहचान होने के बाद उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## जिम संचालक पर दात व किरपाण से किया हमला, सोने की चेन नकदी लूटी

सहजप्रीत सिंह | लुधियाना
समर न्यूज़

शिमलापुरी इलाके में रात के समय जिम बंद कर मोटरसाइकिल से घर लौट रहे संचालक को तीन अज्ञात युवकों ने घेरकर लूट लिया। आरोपियों ने दात और किरपाण से हमला कर बलजिंदर सिंह को घायल कर दिया। इसके बाद उसके गले में पहनी करीब 36 ग्राम सोने की चेन और जेब में रखे 36 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। हमले में उसकी आंख के पास चोट लगी और दो टांके लगाए गए।

मोहल्ला कोट मंगल सिंह निवासी बलजिंदर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह रात करीब 10:35 बजे जिम बंद करने के बाद मोटरसाइकिल से घर जा रहा था। ढाबा रोड स्थित हरिकृष्ण पब्लिक स्कूल के पास पहुंचते ही तीन युवकों ने उसका रास्ता रोक लिया। आरोपियों ने उसे घेरकर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद दात और किरपाण से वार किए, जिससे वह सड़क पर गिर गया।

ग्रुप एडिटरः अर्शदीप सिंह। एग्जीक्यूटिव एडिटर : नितिन उपमन्यु। मुद्रक, प्रकाशक, इंप्रेशन प्रिंटिंग एंड पैकेजिंग लिमिटेड, प्लॉट- 22, औद्योगिक क्षेत्र, फेज-2, पंचकूला। *समाचार चयन के लिए PRP एक्ट के तहत जिम्मेदार। सभी विवादों का न्यायाधिकार क्षेत्र लुधियाना होगा। RNI No. CHMUL/25/A1155